भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2258**
**उत्तर देने की तारीख-09/08/2023**

**अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों की स्थिति**

2258 **डा. एल. हनुमंतय्याः**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार सरकारी निकाय की उस रिपोर्ट से अवगत है जिसमें कहा गया है कि अल्पसंख्यक आबादी में ईसाइयों की संख्या 11.54 प्रतिशत है लेकिन वे 71.96 प्रतिशत स्कूल चलाते हैं और इन ईसाई मिशनरी स्कूलों में पढ़ने वाले 74 प्रतिशत छात्र गैर-अल्पसंख्यक छात्र हैं;

(ख) यदि हां, तो देश में चल रहे अल्पसंख्यक संस्थानों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है; (ग) क्या सरकार ने अल्पसंख्यक संस्थानों में पढ़ रहे गैर- अल्पसंख्यक बच्चों की संख्या का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन या सर्वेक्षण कराया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुभाष सरकार)**

(क) राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सूचित किया है कि एनसीपीसीआर ने "अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों की शिक्षा पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 21क के संदर्भ में अनुच्छेद 15(5) के तहत छूट का प्रभाव" शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। रिपोर्ट में अन्य बातों के अलावा यह भी कहा गया है कि ईसाई समुदाय, जो कुल धार्मिक आबादी का 11.54% है, की देश के कुल धार्मिक अल्पसंख्यक स्कूलों में 71.96% हिस्सेदारी है।

(ख) से (ङ) स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूलों की जानकारी अपलोड करने के लिए शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली शिक्षा प्लस (यूडाइज+) प्रणाली तैयार की है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई) पर जानकारी अपलोड करने के लिए अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) विकसित किया है।

नवीनतम प्रकाशित यूडाइज + डेटा के अनुसार अल्पसंख्यक प्रबंधित स्कूलों की संख्या, कुल नामांकन और इन स्कूलों में गैर-अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों का नामांकन https://education.gov.in/parl_quesपर देखा जा सकता है।

नवीनतम प्रकाशित एआईएसएचई डेटा के अनुसार अल्पसंख्यक प्रबंधित एचईआई की संख्या, कुल नामांकन और इन एचईआई में गैर-अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों का नामांकन https://education.gov.in/parl_quesपर देखा जा सकता है।

*****

**"अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों की स्थिति" के संबंध में माननीय संसद सदस्य डा. एल. हनुमंतय्या द्वारा दिनांक 09/08/2023 को उत्तर दिए जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2258 के उत्तर के भाग (ख) से (ङ) में संदर्भित अनुलग्नक**

**यूडाइज+ 2021-22 के अनुसार अल्पसंख्यक प्रबंधित स्कूलों की संख्या, कुल नामांकन और इन स्कूलों में गैर-अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों का नामांकन**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अल्पसंख्यक | अल्पसंख्यक | गैर-अल्पसंख्यक | कुल नामांकन |
|---|---|---|---|---|
| कुल | 51,627 | 23,08,288 | 49,97,743 | 73,06,031 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 18 | 2,603 | 3,211 | 5,814 |
| आंध्र प्रदेश | 793 | 13,161 | 1,67,220 | 1,80,381 |
| अरुणाचल प्रदेश | 92 | 17,625 | 6,421 | 24,046 |
| असम | 266 | 41,519 | 1,19,321 | 1,60,840 |
| बिहार | 1,482 | 20,561 | 1,54,145 | 1,74,706 |
| चंडीगढ़ | 27 | 5,066 | 19,189 | 24,255 |
| छत्तीसगढ | 589 | 27,388 | 1,43,620 | 1,71,008 |
| दादरा और नगर हवेली और | 12 | 822 | 6,703 | 7,525 |
| दिल्ली | 236 | 29,873 | 94,454 | 1,24,327 |
| गोवा | 239 | 57,195 | 57,703 | 1,14,898 |
| गुजरात | 1,270 | 46,205 | 1,73,476 | 2,19,681 |
| हरियाणा | 177 | 5,384 | 66,343 | 71,727 |
| हिमाचल प्रदेश | 35 | 1,380 | 26,157 | 27,537 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 149 | 3,380 | 6,790 | 10,170 |
| झारखंड | 1,669 | 1,51,777 | 3,30,084 | 4,81,861 |
| कर्नाटक | 3,364 | 2,08,131 | 4,65,866 | 6,73,997 |
| केरल | 3,963 | 6,87,730 | 6,43,067 | 13,30,797 |
| लद्दाख | 29 | - | - | - |
| लक्षद्वीप | - | - | - | - |
| मध्य प्रदेश | 1,494 | 63,212 | 3,88,137 | 4,51,349 |
| महाराष्ट्र | 8,719 | 2,72,091 | 7,95,516 | 10,67,607 |
| मणिपुर | 239 | 65,802 | 28,785 | 94,587 |
| मेघालय | 1,151 | 1,30,078 | 22,091 | 1,52,169 |
| मिजोरम | - | - | - | - |
| नागालैंड | 152 | 68,902 | 9,048 | 77,950 |
| ओडिशा | 513 | 32,974 | 92,251 | 1,25,225 |
| पुदुचेरी | 50 | 7,481 | 42,449 | 49,930 |
| पंजाब | 173 | 92,205 | 92,299 | 1,84,504 |
| राजस्थान | 2,269 | 23,980 | 1,42,631 | 1,66,611 |
| सिक्किम | 32 | 4,183 | 6,002 | 10,185 |
| तमिलनाडु | 5,292 | 14,814 | 56,556 | 71,370 |
| तेलंगाना | 748 | 31,095 | 85,914 | 1,17,009 |
| त्रिपुरा | 214 | 16,860 | 33,566 | 50,426 |
| उत्तर प्रदेश | 13,708 | 1,05,982 | 4,64,862 | 5,70,844 |
| उत्तराखंड | 685 | 10,228 | 80,729 | 90,957 |
| पश्चिम बंगाल | 1,778 | 48,601 | 1,73,137 | 2,21,738 |

**"अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों की स्थिति" के संबंध में माननीय संसद सदस्य डा. एल. हनुमंतय्या द्वारा दिनांक 09/08/2023 को उत्तर दिए जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2258 के उत्तर के भाग (ख) से (ङ) में संदर्भित अनुलग्नक**

**एआईएसएचई 2020-21 के अनुसार अल्पसंख्यक प्रबंधित उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई) की संख्या और नामांकन, इन उच्चतर शिक्षा संस्थानों में गैर-अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों का कुल नामांकन**

| राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | अल्पसंख्यक प्रबंधित उच्चतर शिक्षा संस्थानों की संख्या | अल्पसंख्यक प्रबंधित उच्चतर शिक्षा संस्थानों में नामांकन | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र | गैर-अल्पसंख्यक समुदायों के छात्र | कुल नामांकन |
| कुल | 2,822 | 6,31,626 | 18,32,245 | 24,63,871 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | - | - | - | - |
| आंध्र प्रदेश | 44 | 3,107 | 27,598 | 30,705 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4 | 1,424 | 1,314 | 2,738 |
| असम | 16 | 2,503 | 14,536 | 17,039 |
| बिहार | 48 | 19,200 | 48,176 | 67,376 |
| चंडीगढ़ | 1 | 20 | 118 | 138 |
| छत्तीसगढ | 16 | 1,674 | 13,666 | 15,340 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | - | - | - | - |
| दिल्ली | 20 | 23,209 | 34,695 | 57,904 |
| गोवा | 11 | 5,628 | 3,782 | 9,410 |
| गुजरात | 52 | 3,182 | 26,083 | 29,265 |
| हरियाणा | 42 | 4,768 | 19,711 | 24,479 |
| हिमाचल प्रदेश | 2 | 484 | 1,952 | 2,436 |
| जम्मू और कश्मीर | 13 | 1,960 | 1,927 | 3,887 |
| झारखंड | 28 | 8,881 | 39,381 | 48,262 |
| कर्नाटक | 367 | 61,028 | 1,41,365 | 2,02,393 |
| केरल | 450 | 1,31,687 | 1,94,755 | 3,26,442 |
| लद्दाख | - | - | - | - |
| लक्षद्वीप | - | - | - | - |
| मध्य प्रदेश | 141 | 9,726 | 1,06,866 | 1,16,592 |
| महाराष्ट्र | 680 | 1,14,137 | 4,38,334 | 5,52,471 |
| मणिपुर | 6 | 71 | 3,983 | 4,054 |
| मेघालय | 11 | 9,212 | 3,088 | 12,300 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मिजोरम | 5 | 581 | 68 | 649 |
| नागालैंड | 11 | 1,253 | 2,708 | 3,961 |
| ओडिशा | 9 | 297 | 2,200 | 2,497 |
| पुदुचेरी | 14 | 713 | 11,446 | 12,159 |
| पंजाब | 52 | 9,290 | 31,692 | 40,982 |
| राजस्थान | 49 | 3,947 | 33,521 | 37,468 |
| सिक्किम | 2 | 102 | 105 | 207 |
| तमिलनाडु | 380 | 1,17,526 | 3,82,499 | 5,00,025 |
| तेलंगाना | 94 | 30,602 | 37,843 | 68,445 |
| त्रिपुरा | 1 | 212 | 1,250 | 1,462 |
| उत्तर प्रदेश | 195 | 51,477 | 1,40,831 | 1,92,308 |
| उत्तराखंड | 13 | 750 | 6,290 | 7,040 |
| पश्चिम बंगाल | 45 | 12,975 | 60,462 | 73,437 |

***